**नवोदय विद्यालय समिति**

**प्रथम प्री-बोर्ड परीक्षा 2023-24**

**हिंदी (ब) कोड संख्या 085**

**कक्षा - दसवीं**

Set-1

**निर्धारित समय: 3 घंटे** **पूर्णांक: 80**

**सामान्य निर्देश:-**

- प्रश्न पत्र में दो खंड है। खंड-'अ' और खंड-'ब'।
- खंड-'अ' में उपप्रश्नो सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- खंड-'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
- दोनों खंडों के कुल 18 प्रश्न है। दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

**खंड - अ (वस्तुपरक प्रश्न)**

**प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखें। (1X5=5)**

गीता के इस उपदेश की लोग प्रायः चर्चा करते हैं कि कर्म करें, फल की इच्छा ना करें। यह कहना तो सरल है पर पालन करना उतना सरल नहीं है। कर्म के मार्ग पर आनंदपूर्वक चलता हुआ उत्साही मनुष्य यदि अंतिम फल तक न भी पहुँचे, तो भी उसकी दशा कर्म न करने वाले की अपेक्षा अधिकतर अवस्थाओं में अच्छी रहेगी, क्योंकि एक तो कर्म करते हुए उसका जो जीवन बीता, वह संतोष या आनंद में बीता, उसके उपरांत फल के प्राप्त होने पर भी उसे यह पछतावा न रहा कि मैंने प्रयत्न नहीं किया। फल पहले से ही कोई बना बनाया पदार्थ नहीं होता। अनुकूल प्रयत्न कर्म के अनुसार, उसके एक-एक अंग की योजना होती है। किसी मनुष्य के घर का कोई प्राणी बीमार है, वह वैद्यों के यहाँ से जब तक औषधि लाकर रोगी को देता जाता है तब तक उसके चित्त में जो संतोष रहता है, प्रत्येक नए उपचार के साथ जो आनंद का उन्मेष होता रहता है, यह उसे कदापि प्राप्त नहीं होता, यदि वह रोता हुआ बैठा रहता। प्रयत्न की अवस्था में उसके जीवन का जितना अंश संतोष, आशा और उत्साह में बीता, अप्रयत्न की दशा में उतना ही अंश केवल शोक और दुख में कटता। इसके अतिरिक्त रोगी के अच्छे होने की दशा

में भी वह आत्मग्लानि के उस कठोर दुख से बचा रहेगा जो उसे जीवन भर यह सोच-सोच कर होता कि मैंने पूरा प्रयत्न नहीं किया।

कर्म में आनंद अनुभव करने वालों का नाम ही कर्मण्य है। धर्म और उदारता के उच्च कर्मों के विधान में ही एक ऐसा दिव्य आनंद भरा रहता है कि कर्ता को वे कर्म ही फल-स्वरुप लगते हैं। अत्याचार का दमन और शमन करते हुए कर्म करने से चित्त में जो तुष्टि होती है वही लोकोपकारी कर्मवीर का सच्चा सुख है।

**(1) कर्म करने वाले को फल न मिलने पर भी पछतावा क्यों नहीं होता?**

(क) अंतिम फल पहुँच से दूर होता है

(ख) प्रयत्न न करने का भी पश्चाताप नहीं होता

(ग) वह आनंदपूर्वक काम करता रहता है।

(घ) उसका जीवन संतुष्ट रूप में बीतता है

**(2) 'गीता में कर्म के उपदेश की ओर संकेत किया गया है'।**

**उपर्युक्त कथन के पक्ष में निम्नलिखित तर्कों पर विचार कीजिए।**

(i) कर्म की बात करना सरल है।

(ii) कर्म करने से असंतोष होता है।

(iii) कर्म करें फल की चिंता ना करें।

**विकल्प:**

(क) (i) सही है। (ख) (ii) सही है।

(ग) (iii) सही है। (घ) (i) और (iii) सही हैं।

**(3) कथन (A) और कारण(R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

**कथन(A): घर के बीमार सदस्य का उदाहरण इस गद्यांश में दिया गया है।**

**कारण(R): सेवा के संतोष के लिए यह उदाहरण प्रस्तुत किया गया है।**

(क) कथन **(A)** गलत है किंतु कारण**(R)** सही है।

(ख) कथन **(A)** और कारण**(R)** दोनों सही हैं।

(ग) कथन **(A)**और कारण**(R)** दोनों गलत हैं।

(घ) कथन **(A)** सही है किंतु कारण**(R)** कथन**(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

**(4) 'कर्मण्य' किसे कहा गया है?**

(क) जो काम करता है।

(ख) जो दूसरों से काम करवाता है।

(ग) जो काम करने में आनंद पाता है।

(घ) जो उच्च और पवित्र कर्म करता है।

**(5) कर्मवीर का सुख किसे माना गया है?**

(क) अत्याचार का दमन

(ख) कर्म करते रहना।

(ग) कर्म करने से प्राप्त संतोष।

(घ) फल के प्रति तिरस्कार भावना

**प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- (1X5=5)**

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान देश के विभिन्न राज्यों में सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देता है। भारत एक अनोखा राष्ट्र है, जिसका निर्माण विविध भाषा, संस्कृति, धर्म के तानो-बानो, अहिंसा और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित स्वाधीनता संग्राम तथा सांस्कृतिक विकास के समृद्ध इतिहास द्वारा एकता के सूत्र में बाँधकर हुआ है। हम इतिहास की बात करें या वर्तमान की, भारतवर्ष में कला एवं संस्कृति का अनूठा प्रदर्शन हर समय एवं हर स्थान पर हुआ है। नृत्य, संगीत, चित्रकला, मूर्तिकला, वास्तुकला इत्यादि से समृद्ध भारत की पहचान पूरे विश्व में है। भारतीय वास्तुकला एवं मूर्तिकला की परंपरा अत्यंत प्राचीन है। इस कला की कहानी लगभग 5000 वर्ष पूर्व सिंधु घाटी की सभ्यता से आरंभ होती है। इसके दो प्रमुख नगरों मोहनजोदड़ो और हड़प्पा में अच्छी सड़कें, दो मंजिले मकान, स्नान घर, पक्की ईंटों के प्रयोग के सबूत मिले हैं। गुजरात के लोथल नामक स्थान की खुदाई से पता चलता है कि वहाँ नावों से सामान उतारने के लिए 216×37 मीटर लंबी-चौड़ी तथा 15 फीट गहरी गोदी बनी हुई थी। ये लोग मिट्टी, पत्थर, धातु, हड्डी, काँच आदि की मूर्तियाँ एवं खिलौने बनाने में कुशल थे। धातु से बनी एक मूर्ति में एक नारी को कमर पर हाथ रख नृत्य मुद्रा में दर्शाया गया है। दूसरी मूर्ति पशुपतिनाथ शिव की तथा तीसरी मूर्ति दाढ़ी वाले व्यक्ति की है। ये तीनों मूर्तियाँ कला के सर्वश्रेष्ठ नमूने हैं। मूर्ति का श्रेष्ठ होना मूर्तिकार के कौशल पर निर्भर करता है। मूर्ति की प्रत्येक भाव-भंगिमा को दर्शाने में मूर्तिकार जी-जान लगा देता है। भारत के प्रत्येक कोने में इस प्रकार की विभिन्न कलाएँ हमारी संस्कृति में प्रतिबिंबित होती हैं। इस अतुलनीय निधि का बचाव और प्रचार प्रसार ही 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना है।

**(1) भारत को 'अनोखा राष्ट्र' कहने से लेखक का तात्पर्य है-**

(क) बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन।
(ख) मूर्ति कला के सर्वश्रेष्ठ नमूने।
(ग) संवेदनशील भारतीय नागरिक
(घ) विभिन्नता में एकता का प्रतीक

**(2) सिंधु घाटी की सभ्यता प्रतीक** है-

(क) मूर्तिकार के कौशल का
(ख) एक भारत श्रेष्ठ भारत का
(ग) प्राचीन सुव्यवस्थित सभ्यता का
(घ) स्वाधीनता संग्राम के नायकों का

**(3) गद्यांश हमें संदेश देता है-**

(क) कलाकार अपने कला का श्रेष्ठ प्रदर्शन करता है।
(ख) भारतीय नृत्य और संगीत की कला विश्व प्रसिद्ध है
(ग) भारतीय सभ्यता व संस्कृति का संरक्षण आवश्यक है।
(घ) स्वाधीनता संग्राम में क्रांतिकारियों का विशेष योगदान है।

**(4) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण(R) को ध्यान पूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

**कथन**(A): भारतवर्ष में कला एवं संस्कृति का अनूठा प्रदर्शन हर समय हुआ है।
**कारण**(R): भारतीय वास्तु कला एवं मूर्तिकला की परंपरा अत्यंत प्राचीन है।

(क) कथन(A) तथा कारण(R) दोनों गलत हैं।
(ख) कथन(A) गलत है लेकिन कारण(R) सही है।
(ग) कथन(A) सही है लेकिन कारण(R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
(घ) कथन(A) तथा कारण(R) दोनों सही है तथा कारण(R) कथन(A) की सही व्याख्या करता है।

**(5) गद्यांश में मूर्तियों का सविस्तार वर्णन करता है-**

(क) सूक्ष्म अवलोकन एवं कला प्रेम
(ख) प्राचीन मूर्तियों की भाव भंगिमा
(ग) स्थूल अवलोकन एवं कला प्रेम
(घ) सांस्कृतिक एकता एवं सौहार्द

**प्रश्न 3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। (1X4=4)**

**(1) शेर की तरह दहाड़ने वाले <u>तुम</u> अब चुप क्यों हो?**

(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध
(घ) क्रिया विशेषण पदबंध

(2) **'परिश्रम करने वाले छात्रों का अध्यापक भी आदर करते हैं।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध होगा-**

(क) छात्रों का
(ख) परिश्रम करने वाले
(ग) आदर करते हैं
(घ) अध्यापक भी

(3) **क्रियाविशेषण पदबंध का उदाहरण छांटिए -**

(क) कुछ लोग **<u>धीरे-धीरे</u>** बातें करते हुए इधर आ रहे हैं।
(ख) **<u>कुछ लोग</u>** धीरे-धीरे बातें करते हुए इधर आ रहे हैं।
(ग) कुछ लोग धीरे-धीरे बातें करते हुए इधर **<u>आ रहे हैं।</u>**
(घ) कुछ लोग धीरे-धीरे **<u>बातें</u>** करते हुए इधर आ रहे हैं।

(4) **'वह बाँसुरी बजाता हुआ <u>चला जा रहा है</u>'। रेखांकित पदबंध का भेद है-**

(क) विशेषण पदबंध
(ख) संज्ञा पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध
(घ) सर्वनाम पदबंध

**(5) <u>'दशरथ पुत्र राम ने</u> रावण को मार गिराया।'-रेखांकित पदबंध का भेद है-**

**(क)** क्रिया पदबंध
**(ख)** क्रियाविशेषण पदबंध
**(ग)** सर्वनाम पदबंध
**(घ)** संज्ञा पदबंध

**प्रश्न 4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए। (1X4=4)**

**(1) 'मोहन ने कहा कि वह कल दिल्ली जाएगा।'- रचना के आधार पर वाक्य का भेद है-**

(क) सरल वाक्य
(ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य
(घ) सामान्य वाक्य

**(2) 'गीता बीमार है इसलिए विद्यालय नहीं आई।' रचना के आधार पर वाक्य का भेद है-**

(क) मिश्र वाक्य
(ख) संयुक्त वाक्य
(ग) सरल वाक्य
(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

**(3) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए**

| | **कॉलम 1** | | **कॉलम 2** |
|---|---|---|---|
| अ | मैंने एक बहुत बीमार आदमी को देखा। | **1** | मिश्र वाक्य |
| ब | मैंने एक आदमी देखा जो बहुत बीमार था। | **2** | संयुक्त वाक्य |
| स | मैंने एक आदमी देखा और वह बहुत बीमार था। | **3** | सरल वाक्य |

**विकल्प:**

**(क)** अ (3), ब (1), स (2)
(ख) अ (1), ब (2), स (3)
(ग) अ (2), ब (1), स (3)
(घ) अ (3), ब (2), स (1)

**(4) निम्नलिखित वाक्य में से मिश्र वाक्य है -**

(क) माताजी आने वाली थी किंतु नहीं आई।
(ख) किरण बीमार होने के कारण आज स्कूल नहीं जाएगी।
(ग) मेरे जीवन का लक्ष्य है कि मैं एक शिक्षक बनूँ।
(घ) बच्चे मैदान में खेल कूद रहे हैं।

**(5) 'जैसे ही सूर्योदय हुआ अँधेरा दूर हो गया' इस वाक्य का सरल वाक्य होगा-**

(क) सूर्योदय हुआ और अँधेरा दूर हो गया।
(ख) जब सूर्योदय हुआ तब अँधेरा दूर हो गया
(ग) सूर्योदय होने पर अँधेरा दूर हो गया।
(घ) यदि सूर्योदय होगा तो अँधेरा दूर हो जाएगा।

**प्रश्न 5 निर्देशानुसार समास पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1X4=4)**

**(1) 'यथाशक्ति' शब्द/समस्तपद कौन से समास का उदाहरण है-**

(क) तत्पुरुष समास
(ख) द्विगु समास
(ग) अव्ययीभाव समास
(घ) कर्मधारय समास

**(2) 'सज्जन' समस्त पद का विग्रह होगा-**

(क) सत् का जन
(ख) सत् है जो जन
(ग) सज् के लिए जन
(घ) सद् है जो जन

**(3) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-**

| | **समस्त पद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| **1** | बखूबी | | अव्ययीभाव |
| **2** | दशानन | | अव्ययीभाव |
| **3** | शताब्दी | | द्विगु |
| **4** | रसोई घर | | बहुब्रीहि |

उपर्युक्त युग्मों में से कौनसे सही सुमेलित हैं-

(क) 1 और 2 (ख) 1 और 4

(ग) 2 और 3 (घ) 1 और 3

**(4) 'पथभ्रष्ट' समस्त पद के लिए सही समास विग्रह और समास का चयन कीजिए-**

**(क)** पथ में भ्रष्ट **-** कर्मधारय समास

**(ख)** पथ और भ्रष्ट **-** द्वंद समास

**(ग)** पथ से भ्रष्ट **-** तत्पुरुष समास

**(घ)** पथ का भ्रष्ट **-** अव्ययीभाव समास

(**5**) **'पीतांबर' का समास विग्रह एवं भेद होगा-**

(क) पीत और अंबर - द्वंद समास

(ख) पीत है अंबर जिसके-कर्मधारय समास

(ग) पीले है अंबर जिसके- बहुब्रीहि समास

(घ) पीले अंबर -अव्ययीभाव समास

**प्रश्न 6 निर्देशानुसार मुहावरे पर आधारित 6 बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1X4=4)**

**(1) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए-**

(क) कान भरना-चुगली करना (ख) खून का प्यासा-बहुत प्यास लगना

(ग) आग लगाना-जलाना (घ) कमर टूटना-चोट लगना

**(2) 'अयोग्य को कोई महत्त्वपूर्ण वस्तु मिलना' के लिए उपयुक्त मुहावरा है-**

**(क)** दाँतों तले अंगुली दबाना। (ख) अंधे की लाठी बनना

(ग) अंधे के हाथ बटेर लगना (घ) मोह माया के बंधन में पड़ना

**(3) 'चिकना घड़ा होना' मुहावरे का अर्थ है-**

(क) जिस पर कोई असर ना हो
(ख) घड़े में तेल डालना
(ग) घड़े पर तेल रगड़ना
(घ) जो सबकी बात मानता हो

**(4) रेखांकित अंश के लिए कौन-सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा?**

'पुलिस को यहाँ देखकर मैं पहले ही समझ गया था कि कुछ गड़बड़ है।'

(क) दूध में मक्खी होना
(ख) दाल में कुछ काला होना
(ग) दाल भात में मुसलचन्द होना
(घ) दाल न गलना

**(5) पढ़ाई में मेहनत कर मैं अपने.............. हो सकता हूँ। रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

(क) एक पंथ दो काज
(ख) अपना हाथ जगन्नाथ
(ग) पैरों पर खड़ा होना
(घ) खेत का बैल

**(6) 'थोड़े शब्दों में अधिक कहना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है-**

(क) गूलर का फूल
(ख) गागर में सागर भरना
(ग) घड़े से पानी भरना
(घ) गाँठ का पूरा होना

**प्रश्न 7 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए- (1X5=5)**

कर चले हम फिदा जानो तन साथियों, अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों
साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई, फिर भी बढ़ते कदम को न रुकने दिया
कट गए सर हमारे तो कुछ गम नहीं, सर हिमालय का हमने ना झुकने दिया
मरते मरते रहा बाँकपन साथियों, अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों।

**(1) पद्यांश में 'साथियों' किन्हें कह कर पुकारा गया है?**

(क) विद्यार्थियों को
(ख) दुश्मनों को
(ग) सभी साथी सैनिकों को
(घ) घर पर बैठे सैनिकों को

**(2) 'सर हिमालय का हमने ना झुकने दिया' से क्या तात्पर्य है?**

(क) देश के मान सम्मान की रक्षा करना

(ख) देश की रक्षा करते हुए प्राण न्योछावर कर देना

(ग) हिमालय को झुकने न देना

(घ) (क) और (ख) दोनों

**(3) 'नब्ज़ जमती गई 'से क्या भाव है?**

(क) यातायात का थम जाना
(ख) ठंड लगना

(ग) बहुत बर्फ पड़ना
(घ) मृत्यु के समीप होना

**(4) सैनिकों को किस बात का गम नहीं है?**

(क) देश की रक्षा करते हुए प्राण न्योछावर करने का

(ख) हिमालय का सर झुक जाने का

(ग) शत्रुओं से हाथ मिलाने का

(घ) देश को दुश्मनों के हवाले करने का

**(5) 'मरते-मरते रहा बाँकपन साथियों' पंक्ति का मूल भाव है-**

(क) मरते समय बाहें सीधी हो जाना

(ख) मरते समय डर के कारण साँस रुक जाना

(ग) मरते समय भी बलिदान की भावना मन में बने रहना

(घ) दुश्मनों से मरते दम तक नफरत करना

**प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- (1X2=2)**

**(1) तोप कंपनी बाग के प्रवेश द्वार पर क्यों रखी गई है**

(क) बाग की सुंदरता बढ़ाने के लिए

(ख) ताकि लोग फोटो खिंचवा सके।

(ग) ताकि सबको याद रहे कि ईस्ट इंडिया कंपनी दोबारा देश में ना आ सके।

(घ) इनमें से कोई नहीं

**(2) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए - कवि ने किसे बड़ा भाग्यहीन माना है?**

(क) कवि ने धैर्यवान व्यक्ति को भाग्यहीन माना है

(ख) कवि ने अधीर व्यक्ति को भाग्यहीन माना है

(ग) कवि ने गर्व से युक्त व्यक्ति को भाग्य हीन माना है

(घ) कवि ने मदांध व्यक्ति को भाग्यहीन माना है।

**प्रश्न 9 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए- (1X5=5)**

उसका व्यक्तित्व तो आकर्षक था ही साथ ही आत्मीय स्वभाव की वजह से लोग उसके करीब रहना चाहते। पारंपरिक पोशाक के साथ वह अपनी कमर में सदैव एक लकड़ी की तलवार भी बाँधे रहता । लोगों का मत था, बावजूद लकड़ी की होने पर, उस तलवार में अद्‌भुत दिव्य शक्ति थी। तताँरा अपनी तलवार को कभी अलग न होने देता। उसका दूसरों के सामने उपयोग भी न करता । किंतु उसके चर्चित साहसिक कारनामों के कारण लोग-बाग तलवार में अद्‌भुत शक्ति का होना मानते थे । तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी। एक शाम तताँरा दिन भर के अथक परिश्रम के बाद समुद्र के किनारे टहलने निकल पड़ा। सूरज समुद्र से लगे क्षितिज तले डूबने को था। समुद्र से ठंडी बयारे आ रही थी। पक्षियों की सायंकालीन चहचहाटे शनैः शनैः क्षीण होने को थी। उसका मन शांत था। विचार मग्न तताँरा समुद्री बालू पर बैठकर सूरज की अंतिम रंग-बिरंगी किरणों को समुद्र पर निहारने लगा। तभी कहीं पास से उसे मधुर गीत गूंजता सुनाई दिया। गीत मानो बहता हुआ उसकी तरफ आ रहा हो।

**(1) तताँरा कैसी पोशाक पहना था?**

(क) आधुनिक (ख) साधारण

(ग) पारंपरिक (घ) ये सभी

**(2) लोगों का तताँरा के साथ रहने के कारण पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए।**

(1) आकर्षक व्यक्तित्व के कारण (2) आत्मीय स्वभाव के कारण

(3) पारंपरिक पोशाक के कारण (4) अपनी तलवार के कारण

**विकल्प :**

(क) (1) और (2) (ख) केवल (1)

(ग) (3) और (4) (घ) केवल (4)

**(3) निम्नलिखित कथन A तथा कारण R को ध्यान पूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

**कथन**(A): समुद्र से ठंडी बालू निकल रही है।

**कारण**(R): समुद्र से ठंडी हवाएँ आ रही हैं।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है

(ख) कथन (A) गलत तथा कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) तथा कारण(R) दोनों गलत है।

(घ) कथन (A) सही है तथा कारण(R) गलत है।

**(4) समुद्र किनारे ततांरा को क्या सुनाई दिया?**

(क) पक्षियों की चहचहाहट (ख) लहरों का शोर

(ग) हवाओं की सरसराहट (घ) मधुर गीत

**(5) ततांरा किसे अपने से कभी अलग नहीं करता था?**

(क) पारंपरिक पोशाक को (ख) संगीत को

(ग) तलवार को (घ) द्वीप को

**प्रश्न 10 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- (1X2=2)**

**(1) लेखक की माँ ने दिन भर रोजा क्यों रखा?**

(क) कबूतर का अंडा टूट जाने के कारण (ख) रमजान होने के कारण

(ग) झूठ बोलने के कारण (घ) इनमें से कोई नहीं

**(2) निम्नलिखित में से कौनसे वाक्य 'डायरी का एक पन्ना' पाठ से मेल खाते हैं-**

(1) हरिशचंद्र सिंह ने ध्वज मोनुमैट के नीचे फहराया।

(2) हरिशचंद्र सिंह ने ध्वज स्टागर सुंदरी पार्क में फहराया ।

(3) हरिशचंद्र सिंह ने ध्वज श्री मंतानंद पार्क में फहराया ।

(4) कोई वाक्य मेल नहीं खाता।

**विकल्प:**

(क) केवल (1) (ख) (1) और (2)

(ग) (3) और (1) (घ) केवल (4)

## खंड - ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**प्रश्न 11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए (3X2=6)**

1. 'बड़े भाई साहब' कहानी का बड़ा भाई शिक्षा को रटंत ज्ञान और बे-सिर-पैर की बातें मानता है जिनका व्यवहारिक जीवन में कोई अर्थ नहीं है, इस संदर्भ में आपके क्या विचार है? तर्क सहित उत्तर दीजिए।
2. 'कारतूस' एकांकी के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि सआदत अली, वजीर अली का सगा चाचा होते हुए भी उससे नफरत क्यों करता था?
3. 'तीसरी कसम' फिल्म ने साहित्य रचना के साथ किस प्रकार न्याय किया?

**प्रश्न 12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए- (3X2=6)**

1. कबीर ने सच्चा भक्त या पंडित किसे कहा है ?पंडित या भक्त होने के लिए क्या आवश्यक है ?
2. 'तोप' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।
3. 'आत्मत्राण' कविता में किसी सहायक पर निर्भर न रहने की बात कवि क्यों कहता है? कविता का केंद्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए।

**प्रश्न 13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए- (3X2=6)**

1. इफ़्फ़न के पिता के तबादले के बाद टोपी शुक्ला का कोई और मित्र क्यों नहीं बन सका? इसका उसके बालमन पर क्या प्रभाव पड़ा?
2. हरिहर काका और टोपी शुक्ला दोनों ही भरे-पूरे परिवार से संबंधित होते हुए भी अकेले थे। दोनों के अकेलेपन के कारणों को समीक्षा कीजिए।
3. 'सपनों के से दिन' पाठ में बच्चों को स्कूल जाना बिल्कुल भी पसंद नहीं था, क्यों? कारण सहित स्पष्ट कीजिए कि स्कूल जाने के संबंध में आपका क्या अनुभव है?

**प्रश्न 14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- (5X1=5)**

**(1) सोशल मीडिया का मायाजाल और युवा**

**संकेत**

- सोशल मीडिया क्या है?
- युवाओं पर प्रभाव
- माया जाल कैसे?
- बचाव हेतु सुझाव

**(2) जी-20 और भारत**

**संकेत**

- जी 20 क्या है?
- गठन का कारण
- कार्यशैली
- भारत की भूमिका

**(3) विद्यार्थी जीवन और चरित्र निर्माण**

**संकेत**

- संपूर्ण जीवन की आधारशिला
- चरित्र के बिना सब कुछ सूना
- चरित्र निर्माण की आवश्यकता
- देश व समाज के लिए उपयोगी

**प्रश्न 15 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए- (5x1=5)**

आप हर्ष/हर्षिता हैं। जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसी प्रतिष्ठित समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

**अथवा**

आपके विद्यालय में राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा परंतु आपके पास पर्याप्त खेल सामग्री नहीं है। विद्यालय में खेलकूद सामग्री उपलब्ध कराने हेतु अपने विद्यालय के प्राचार्य को प्रार्थना पत्र लिखें।

**प्रश्न 16 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए- (4X1=4)**

संस्कृति क्लब की ओर से '**75 दिन भारतीय भाषा उत्सव**' कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न भाषण गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए तथा सहभागिता के लिए प्रेरित करते हुए अध्यक्ष की ओर से सूचना लिखिए।

**अथवा**

आप 10वीं कक्षा के अरुण/अरुणा हैं। खेल के दौरान मैदान में आपकी घड़ी कहीं छूट गई। उससे संबंधित जानकारी देते हुए लगभग 60 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।

**प्रश्न 17 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए- (3X1=3)**

आपके विद्यालय में आयोजित 10 दिवसीय योग शिविर के प्रचार प्रसार हेतु लगभग 40 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

**अथवा**

अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले की विशेषताओं का वर्णन करते हुए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**प्रश्न 18** 'समय का सदुपयोग' विषय पर **लगभग 100 शब्दों** में **लघु कथा** लिखिए। **(5X1=5)**

**अथवा**

आप संजय/सलूजा हैं। भारतीय स्टेट बैंक में आपका खाता खुला हुआ है। आपका एटीएम कार्ड कहीं खो गया है। पुराने एटीएम को बंद करवाने तथा नया एटीएम कार्ड जारी करने हेतु प्रबंधक को लगभग **100 शब्दों में ईमेल** लिखिए।

***